# तीसरे चरण के दूसरे दिन 15 अभ्यर्थियों ने भरे नामांकन

भोपाल (काप्र)।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से जारी है। तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र के दूसरे दिन सोमवार को 15 अभ्यर्थियों ने 19 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। गत 12 अप्रैल से अब तक 22 अभ्यर्थियों द्वारा 27 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि 15 अप्रैल को लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-3 ग्वालियर में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 6 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-5 सागर में 2 अभ्यर्थी द्वारा 2 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक क्रमांक-18 विदिशा में 1 अभ्यर्थियों द्वारा 1 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-19 भोपाल में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 4 नाम निर्देशन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-20 राजगढ़ में 5 अभ्यर्थियों द्वारा 6 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। शेष लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-1 मुरैना, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-2 भिण्ड (अजा) एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-4 गुना में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा कोई भी नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया। लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्र. 29 बैतूल के लिये केवल बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी द्वारा नामांकन भरा जाना है। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आज कोई भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि शुक्रवार, 19 अप्रैल है। इसके अगले दिन शनिवार, 20 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए मंगलवार, 7 मई को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

### अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे




अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। श्री राजन ने कहा है कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रैली आयोजन के लिए किराये/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

### मतदाता जागरुकता गीत का विमोचन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने सागर के जिला पंचायत सीईओ एवं मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के नोडल अधिकारी पी.सी. शर्मा द्वारा स्वरचित मतदाता जागरूकता गीत के पोस्टर और सीडी का विमोचन किया। उन्होंने जय मतदाता, जय जय मतदाता गीत लिखने पर श्री शर्मा को बधाई तथा शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी जिला पंचायत सीईओ/ स्वीप नोडल अधिकारियों से नवाचारों के साथ मतदाता जागरूकता गतिविधियों में और तेजी लाने का आग्रह किया है, जिससे प्रत्येक मतदाता को उनके अधिकारों के बारे में पता चल सके।

### 'प्रत्येक वोट जरूरी हैं' पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। गुरुवार 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

**मिलेगी पुरस्कार राशिः** प्रथम पुरस्कार- रु. 51,000 एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार- रु. 21,000 एवं प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार- रु. 11,000 एवं प्रमाण पत्र तथा 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# डॉ. यादव और सिंधिया की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह ने दाखिल किया नामांकन



भोपाल (काप्र)।

**ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह ने जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल कराते समय उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री डा़ मोहन सिंह यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा मौजूद थे।**

नामांकन दाखिल कराने के बाद मुख्यमंत्री रवाना हो गए। इससे पहले उन्होंने मुरार में आयोजित सभा को संबोधित किया। हालांकि पहले मुख्यमंत्री को रोड शो करना था। लेकिन रोड शो को एन वक्त पर रद्द कर दिया गया। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने मुरार के अग्रसेन चौराहे पर भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह की नामांकन सभा को संबोधित करते हुए इशारों ही इशारों में कहा कि अयोध्या धाम में जयश्रीराम गुंजायमान होने के बाद अब बारी मथुरा की है। यहां से यमुनाजी भी बहुत पास हैं। इसी मध्यप्रदेश की पावनधरा उज्जैन में श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की थी। उन्होंने कहा कि इसी धरा के हमारे विमानों ने पाकिस्तान के लिए उड़ान भरी थी और घर में घुसकर आतंकियों का अंत किया था। पहले पड़ोसी मुल्क हमारे जवानों पर आखें तरैरा करता था। किंतु जब पाकिस्तान में घुसकर बमवारी कर विमान वापस लौट रहे थे, तो दुर्घटनावश एक विमान गिर गया था।बड़ी-बड़ी मूछों वाले विंग कमांडर अभिनंदन को पाक सेना ने पकड़ लिया था। किंतु बार-बार पाकिस्तान वीडियो वायरल कर बता रहा था कि हम आपके जवान को चाय पिला रहे हैं, लड्डू खिला रहे हैं, कोई बदसलूकी नहीं कर रहे हैं। क्योंकि पाक को मालूम था कि भारत में अब मोदी युग है। अगर भारतीय जवान को आंख भी दिखाई तो पाकिस्तान विश्व के मानचित्र से गायब हो जायेगा। मंच पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर सांसद जयभान सिंह पवैया,पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### अंचल का भविष्य तय करने का समय

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सभा कहा कि ग्वालियर का अतीत गौरव पूर्ण है और वर्तमान भी गौरवशाली है। अब उज्जवल भविष्य बनाने का समय है। उन्होंने स्मरण कराते हुए कहा कि केवल 18 माह में प्रदेश का सबसे बड़ा ग्वालियर का एयरपोर्ट बनकर तैयार हुआ। क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है।

# खजुराहो सीट पर एआईएफबी उम्मीदवार को समर्थन करेगा इंडिया गठबंधन

भोपाल (काप्र)।

**सपा-कांग्रेस के समझौते में दी गई खजुराहो लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार का नामांकन निरस्त हो गया था। अब कांग्रेस ने इस सीट पर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक (एआईएफबी) के उम्मीदवार को समर्थन का ऐलान किया है।**



समाजवादी पार्टी पहले ही इस सीट पर समर्थन का ऐलान कर चुकी है। पीसीसी में कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा, राजनीतिक प्रतिबद्धता समान होने के कारण हम समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि खजुराहो में अखिलेश यादव और राहुल गांधी की संयुक्त सभा का प्रस्ताव भेजा जाएगा। श्री नायक ने कहा कि खजुराहो लोकसभा सीट को लेकर जो गतिरोध उत्पन्न हुआ था, वह खत्म हो रहा है। इंडिया गठबंधन के घटक दल एआईएफबी के उम्मीदवार राजा भैया प्रजापति जो कि रिटायर्ड आईएएस हैं, को कांग्रेस पार्टी और इंडिया अलाइंज की ओर से समर्थन दिया गया है। इस मौके पर एआईएफबी के प्रदेश अध्यक्ष जंग बहादुर सिंह गिल और समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव मौजूद थे। श्री नायक ने कहा 1939 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिन्होंने नारा दिया था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ऐसे महान सपूत ने इस दल की स्थापना की थी। समान विचारधारा और वर्तमान परिस्थितियों में लोकतंत्र को बचाने की जद्दोजहद, राजनीतिक प्रतिबद्धता समान होने के कारण हम समर्थन दे रहे हैं जब समाजवादी पार्टी से इस विषय में बातचीत हुई वह शुरू से ही इसके लिए तैयार थे। उन्होंने सहर्ष अपनी सहमति जारी कर दी। इसलिए अब आरबी प्रजापति इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। अन्य घटक दल उनकी पूरी ताकत के साथ मदद करेंगे।

मुकेश नायक ने कहा कि घोषणा पत्र समिति के सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में थे। आज भाजपा ने उन्हें पत्रकार वार्ता तक में नहीं बुलाया। बीजेपी में आंतरिक संघर्ष है। ये बीजेपी में बहुत बड़ा अखाड़ा बनने के संकेत है। वहां से धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा है। भाजपा नेताओं में तालमेल की कमी और सत्ता के लिए संघर्ष शुरू हो गया है। पावर शेयरिंग को लेकर संघर्ष शुरू हो गया है। इसके चलते कार्यकर्ता घुटन अनुभव कर रहे हैं।

# गुरु आदित्य योग में मनेगा रामनवमी पर्व

**भोपाल ( काप्र )।** बुधवार को देश भर में रामनवमी का त्यौहार मनाया जाएगा। पंचांग की गणना के अनुसार 17 अप्रैल को रामनवमी का पर्व अश्लेषा नक्षत्र, शूल योग व कोलव करण की उपस्थिति में कर्क राशि के चंद्रमा के साथ आ रहा है। वहीं गुरु आदित्य योग 12 वर्ष में बन रहा है।

पं. अमर डिब्बेवाला ने बताया कि इस बार ग्रह गोचर की गणना से देखे तो गुरु आदित्य के संयोग में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर रामनवमी का पर्व है। सूर्य व गुरु का एक साथ बैठना गुरु आदित्य योग की गणना में आता है। इस बार गुरु, सूर्य, मेष राशि में एक साथ है। सूर्य, मेष राशि में उच्च के माने जाते हैं और गुरु समकारक मित्र है। इस दृष्टि से यह युति मेष राशि के सूर्य, गुरु के क्रम में रहेगी। यह संज्ञा गुरु आदित्य योग के नाम से जानी जाती है। इस योग में किया गया धार्मिक कार्य चिरकाल तक समृद्धि का कारण बनता है। पं. डिब्बेवाला के अनुसार गुरु ग्रह के परिभ्रमण की स्थिति राशि वार अलग-अलग प्रकार से होती है। कुछ ग्रह 30 से 40 दिन में राशि का परिवर्तन करते है। बृहस्पति 1 वर्ष, शनि ढाई वर्ष में राशि परिवर्तन करते हैं। ग्रह गोचर की गणना से देखे तो रामनवमी पर बृहस्पति मेष राशि में गोचरस्थ रहेंगे और सूर्य का भी मेष राशि में युति संबंध रहेगा।

# चुनाव राम मंदिर के पक्षधर और विरोधियों के बीच : डॉ यादव

भोपाल (काप्र)।

**मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग का वक्त नजदीक आ गया है। राजनीतिक दलों के नेताओं की ताबड़तोड़ सभाएं हो रही हैं। दूसरे और तीसरे चरण के लिए प्रत्याशियों के नामांकन का दौर जारी है।**

इसी बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव राजगढ़ पहुंचे। जहां बीजेपी प्रत्याशी रोडमल नागर के नामांकन में शामिल हुए और एक सभा को भी संबोधित किया। सभा में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। डॉ. यादव ने कहा कि देश का लोकसभा चुनाव सच्चे अर्थों में राम मंदिर के विरोधी और राम मंदिर के पक्षधर दो लोगों के चुनाव हो रहा है। राजगढ़ का चुनाव इसी कारण से जाना जाएगा। आपने कहा कि आज हमारा शंखनाद हुआ है। हम और आप मिलकर निश्चित रूप से सबसे बड़े राम विरोधी, जो हर जगह रंग बदलकर



बात कर रहे हैं। सुसनेर में आकर राम मन्दिर और संघ की तारीफ कर रहे हैं, संघ की इतनी तारीफ करते हो तो आ जाओ शाखा में, आपको कौन रोकता है? दिग्विजय को लेकर डॉ यादव ने कहा कि आपको केवल वोट लेना है, ये डुप्लीकेट नहीं चलेंगे, आपको असली रंग में आना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी आपको इस बात का दुख है कि मंदिर क्यों बन रहा है। आपके मन में पाप है, आप पूरे हिंदू समाज को अपमानित करते हो। सीएम ने कहा, आपने हिंदू-मुसलमान को जीवन भर लड़ाने का काम किया। इसका एकमात्र जवाबदार व्यक्ति दिग्विजय सिंह हैं, जिन्होंने हमेशा हिंदू-मुसलमानों को लड़ाने के लिए वोट बैंक का रास्ता ढूंढा।

# कर्मचारियों ने मांगी छुट्टी तो मिली सेवानिवृत्ति

भोपाल (काप्र)।

**इंदौर जिला कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग के कर्मचारी को चुनाव ड्यूटी में स्वास्थ्य खराब होने पर अवकाश लेने के कारण अनिवार्य सेवानिवृत्ति कर दिया गया है। मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कलेक्टर की कार्यवाही पर रोक लगाने एवं अनिवार्य सेवानिवृत्त किए गए कर्मचारी को पुनः सेवा में बहाल करने की मांग की है।**

मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य शासन ने कर्मचारियों के लिए अनिवार्य सेवानिवृत्त करने में 20 साल की सेवा या 50 साल की आयु का नियम सेवा कॉल में किए गए कार्य का सक्षम अधिकारियों की समिति द्वारा मूल्यांकन करने पर लागू किया जाता है। इंदौर कलेक्टर द्वारा सुदर्शन घेघट सहायक ग्रेड 2 शिक्षा विभाग जिला इंदौर को स्वास्थ्य खराब होने के लघु कृत अवकाश लेने के कारण नियम विरुद्ध अनिवार्य सेवानिवृत्त करने के आदेश जारी गया है। कलेक्टर द्वारा कर्मचारी को नियम विरुद्ध अनिवार्य सेवा निवृत्त करने कीकार्रवाई कर्मचारी विरोधी है। शासन के नियमों के विपरीत है। चुनाव ड्यूटी में स्वास्थ्य खराब होने पर कर्मचारियों को मेडिकल अवकाश लेने की पात्रता है। राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग के नियमों में भी स्वास्थ्य खराब होने पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने का नियम है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने निर्णय लिया है कि यदि इंदौर कलेक्टर द्वारा सेवानिवृत्ति किए गए कर्मचारी को तत्काल बहाल नहीं किया गया तो कर्मचारी मंच कलेक्टर के विरुद्ध पोस्टकार्ड आंदोलन करेगा।

### छठ महापर्व का समापन

भोजपुरी समाज ने चैती छठ के मौके पर भोपाल के खटलापुरा घाट में उगते सूर्य को अर्ध्य देकर 4 दिवसीय व्रत का समापन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं अलसुबह से ही घाट पर पहुंच गई थी। जहां जैसे ही सूर्य की पहली किरण दिखी, महिलाओं ने पानी में उतरकर उगते सूर्य को कच्चे दूध का अर्ध्य देकर अपना व्रत खोला।

भोजपुरी एकता मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि भोजपुरी समाज के 4 दिवसीय लोक आस्था के महापर्व का आज समापन हो गया। जिसमें महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को गाय के कच्चे दूध से अर्ध्य देकर संतान की सुख समृद्धि की कामना की।

# शराब दरों की नई सूची नहीं हुई जारी, बिक रही 30 प्रतिशत महंगी

भोपाल (काप्र)।

**आबकारी विभागने शराब दरों की नई सूची जारी नहीं की है। इस वजह से शहर की अलग-अलग दुकानों पर देशी और विदेशी शराब 15 से 30 प्रतिशत महंगी बिक रही है।इतना ही नहीं दुकानदार मन मुताबिक शराब की बिक्री कर रहे हैं।**

राजधानी सहित प्रदेश में एक अप्रैल से शराब 15 प्रतिशत महंगी की गई है लेकिन नई दरों की सूची नहीं आने से शहर की दुकानों पर इसके भावों में एकरूपता नहीं है। जिले में 35 समूहों की 87 शराब दुकानें हैं। इस बार करीब 80 प्रतिशत शराब ठेकेदार पिछले वित्तीय वर्ष के है और 20 प्रतिशत ठेकेदार नये हैं। इधर नया वित्तीय वर्ष शुरू हुए 15 दिन हो चुके हैं, लेकिन शराब की नई दरों की सूची अभी तक दुकानदारों को जारी नहीं की गई। पंचशील नगर की शराब दुकान पर देशी शराब के क्वार्टर 80 से 100 रुपये में बेचे जा रहे है, जबकि मालवीय नगर की शराब दुकान पर यह 70 रुपये से 100 रुपये में बेचा जा रहा है। एक अप्रैल से पहले इनके भाव 60 से 80 रुपये का था। इसी तरह इन दोनों दुकानों के अलावा शहर की अन्य दुकानों पर शराब 30 प्रतिशत तक महंगी बेची जा रही है।

आबकारी विभाग हर वर्ष शराब दरों की नई सूची दुकानदारों को जारी करता है। अभी तक यह सूची तय नहीं हुई। विभाग नई सूची बनाने की प्रक्रिया में जुटा है। पोर्टल पर भी शराब के आधे-अधूरे दाम अपलोड किए गए हैं। इस कारण नई सूची तैयार नहीं हो सकी है। आबकारी विभाग के एक अधिकारी का कहना है सूची तैयार करने के लिए विभाग को भी मोहलत मिलती है।

अधिकांश शराब दुकानों पर पुराने प्रिंट दाम का ही भंडार रखा हुआ है। उसे 15 प्रतिशत महंगी दरों पर बेचा जाना है। लेकिन जब ग्राहक शराब खरीदने जाता है तो उसे पुराने प्रिंट दाम का माल 15 प्रतिशत से ज्यादा कीमत पर बेचा जा रहा है।विभागीय अधिकारी का कहना है कि विभाग हर वर्ष शराब की नई दरों की सूची जारी करता है। इस बार भी शराब के ठेके पिछले वर्ष के मुकाबले 15 प्रतिशत महंगे हो गए हैं। इस कारण शराब 15 प्रतिशत महंगी होना स्वाभाविक है। लेकिन अंग्रेजी शराब की दरें ड्यूटी के हिसाब से भी तय होती है। इस हिसाब से कई महंगे ब्रांड की शराब केवल 10 प्रतिशत तक ही बढ़ी है।

### एमआरपी से ज्यादा पर नहीं बेच सकते शराब

आबकारी नीति में नियम है कि एमएसपी से कम और एमआरपी से ज्यादा दरों पर शराब नहीं बेची जा सकती है। इन दरों से हटकर शराब बेचने पर पिछले वर्ष आबकारी विभाग ने राजधानी की करीब आधा दर्जन दुकानों पर कार्रवाई करते हुए उनकी दुकानों का लाइसेंस एक दिन के लिए निलंबित करते हुए उन पर 10 से 20 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया था।